## ग्राम पंचायत धनेड, विकास खण्ड हमीरपुर, जिला हमीरपुर, 174505
## के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन
## अवधि 01.04.2024 से 31.03.2025
## भाग-1

1. **प्रस्तावना:-**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत ग्राम पंचायत धनेड, विकास खण्ड हमीरपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01.04.2024 से 31.03.2025 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत धनेड में निम्नलिखित प्रधान व सचिव कार्यरत रहे :**

**प्रधान :-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1. | श्री मति कुंडला देवी | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

**पंचायत सचिव:-**

| क्रम संख्या | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री मति बेबी रानी | 01.04.2024 से 31.03.2025 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सार:-**

ग्राम पंचायत धनेड, विकास खण्ड हमीरपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01.04.24 से 31.03.25 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से है :-

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4.4 | रोकड़ बही एवं बैंक खातों के अंतशेष में अंतर का समाधान न करना | 0.02 |
| 2 | 6.1 | अनुदानों का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 19.82 |
| 3 | 7.1 | पंचायत का गृहकर/ सम्पत्ति कर वसूली हेतु शेष | 0.01 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | 8.1 | आपूर्तिकर्ताओं से क्रय की गई निर्माण सामग्री के ट्रांजिट फॉर्म प्राप्त किये बिना अनियमित भुगतान करना | 7.24 |
| 5 | 8.2 | संविदाकार/आपूर्तिकर्ता के भुगतान बिलों से नियमानुसार स्त्रोत पर 2% जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती न करने के कारण अधिक भुगतान करना | 0.20 |
| 6 | 9.1 | पत्थर की खरीद में रिक्तियां (voids) की कटौती न करने के कारण अधिक भुगतान करना | 0.16 |
| 7 | 9.2 | अनुदान व मनरेगा शीर्ष के अंतर्गत करवाए गये निर्माण कार्य हेतु राशि का अधिक भुगतान करना | 0.57 |
| 8 | 9.3 | क्रय की गई सामग्री की स्टॉक रजिस्टरों में स्टॉक प्राप्ति प्रविष्टियाँ व खपत / जारी करने से सम्बन्धित अभिलेख दर्ज न करना | 2.94 |
| 9 | 9.4 | निविदाओं में निर्धारित दर से अधिक दर पर भुगतान करना | 0.06 |
| 10 | 9.5 | मनरेगा शीर्ष के अन्तर्गत करवाए गए निर्माण कार्य में दोहरा भुगतान करना | 0.01 |
| 11 | 9.6 | अनुदान प्लानिंग शीर्ष के अंतर्गत निर्माण कार्य हेतु बिना बिलों के भुगतान करना | 0.18 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन:-**

अंकेक्षण के दौरान यह भी देखने में आया कि गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के शेष पैरों पर पंचायत द्वारा कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं की गई थी जो कि चिंताजनक है। अत: ग्राम पंचायत इन लंबित पैरों के निपटारे हेतु विशेष कार्यवाही करनी सुनिश्चित करे तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाये ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तारण संभव हो सके :-

**(i) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2013 से 03/2016 तक**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | वर्तमान स्थिति | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 4.3 | अनिर्णीत | |
| 2 | 5.1, 5.2 | अनिर्णीत | |
| 3 | 7 | अनिर्णीत | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | 8 | अनिर्णीत | |
| 5 | 10 | अनिर्णीत | |

**(ii) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2019 से 03/2021 तक**

| क्रम संख्या | पैरा संख्या | वर्तमान स्थिति | विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 3 | निर्णीत | अंकेक्षण शुल्क राशि ₹7400/- प्राप्ति की पुष्टि उपरांत |
| 2 | 4 | निर्णीत | कोई भी आपति व शेष न पाये जाने उपरांत |
| 3 | 5 | अनिर्णीत | |
| 4 | 6 (क, ख) | अनिर्णीत | |
| 5 | 7 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 6.1 में पुन: प्रारूपित। |
| 6 | 8 | अनिर्णीत | |
| 7 | 9 | निर्णीत | अभिलेखों की जांच व जमा पुष्टि उपरांत |
| 8 | 10 | अनिर्णीत | |
| 9 | 11 | निर्णीत (1,2,3,4,7,8,10) अनिर्णीत (5,6,9,11) | अभिलेखों की जांच व सचिव द्वारा प्रस्तुत उतर की पुष्टि उपरांत |
| 10 | 12 | अनिर्णीत | |
| 11 | 13 | अनिर्णीत | |
| 12 | 14 | निर्णीत | पैरे में शामिल राशि ₹1727 की वसूली सम्बन्धी अभिलेखों की जांच व जमा पुष्टि उपरांत |
| 13 | 15 | निर्णीत | पैरे में शामिल राशि ₹923 की वसूली सम्बन्धी अभिलेखों की जांच व जमा पुष्टि उपरांत |
| 14 | 16 | अनिर्णीत | |
| 15 | 17 | निर्णीत | अभिलेखों की जांच व पुष्टि उपरांत |
| 16 | 18 | अनिर्णीत | |
| 17 | 19 | अनिर्णीत | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 18 | 20 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 10 में पुनः प्रारूपित। |
| 19 | 21 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 11 में पुनः प्रारूपित। |

## भाग-2

**2. वर्तमान अंकेक्षण :-**

ग्राम पंचायत धनेड, विकास खण्ड हमीरपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/24 से 31/03/25 तक के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री अमित कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 11.07.2025 से 17.07.2025 तक ग्राम पंचायत धनेड, के कार्यालय में किया गया। आय-व्यय की विस्तृत जांच हेतू मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की अधिकतम आय तथा पंचायत के **अधिकतम व्यय** के आधार पर किया गया:-

| वित्तीय वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2024-25 | 03/2025 | 02/2025 |

***अस्वीकरण (Disclaimer) :-*** *इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रण अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी गलत सूचना / अभिलेख के अपूर्ण / गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतू हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।*

**3. अंकेक्षण शुल्क :-**

ग्राम पंचायत धनेड, विकास खण्ड हमीरपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/24 से 31/03/25 तक के लेखों का अंकेक्षण शुल्क **₹4000/-** (15वें वित्तायोग के अवधि 04/2024 से 03/2025 तक के ऑनलाईन ऑडिट के अंकेक्षण शुल्क सहित) आंका गया। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट / मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला-9 को प्रेषित करने हेतू अंकेक्षण अधियाचना संख्या 143/2025 दिनांक 16/07/2025 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया, जिसकी अनुपालना में ग्राम पंचायत द्वारा पंजाब नेशनल बैंक धनेड, हमीरपुर के **DD NO – URB 774442 दिनांक 18.07.2025,** द्वारा उक्त राशि को निदेशक, हि० प्र० राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला-9 को प्रेषित कर दिया गया है।

4. **वित्तीय स्थिति:-**

सचिव, ग्राम पंचायत धनेड, द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 136/2025 दिनांक 11.07.2025 की अनुपालना में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार पंचायत के अवधि 01/04/24 से 31/03/25 के लेखों की वित्तीय स्थिति का विस्तृत विवरण **सलंग्न परिशिष्ट-1** पर दिया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि दौरान (3) ऑनलाइन रोकड़ बहियों अर्थात स्व: स्त्रोत व अनुदान, 15वें वित्तायोग व मनरेगा शीर्ष का रख-रखाव किया गया था।

**(1) (क) स्व: स्त्रोत व अनुदान:-**

ग्राम पंचायत धनेड, विकास खण्ड हमीरपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/24 से 31/03/25 तक की स्व: स्त्रोत व अनुदान की वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| **वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष** | **आय ब्याज सहित** | **कुल योग (2+3)** | **व्यय** | **अंतिम शेष (4-5)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 2024-25 | 2571620.64 | 1789637.00 | 4361257.64 | 2379576.00 | **1981681.64** |

**(ख) 15वें वित्तायोग:-**

ग्राम पंचायत धनेड, विकास खण्ड हमीरपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/24 से 31/03/25 तक के 15वें वित्तायोग की वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| **वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष** | **आय ब्याज सहित** | **कुल योग (2+3)** | **व्यय** | **अंतिम शेष (4-5)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 2024-25 | 1301535.00 | 1357772.00 | 2659307.00 | 236563.00 | **2422744.00** |

**(ग) संकलित वित्तीय स्थिति:-**

ग्राम पंचायत धनेड, विकास खण्ड हमीरपुर, जिला हमीरपुर के अवधि 01/04/24 से 31/03/25 तक के संकलित वित्तीय स्थिति का विवरण निम्न प्रकार से है :-

| **निधि शीर्ष** | **वित्तीय वर्ष** | **प्रारम्भिक शेष (₹)** | **आय (₹)** | **कुल योग (₹)** | **व्यय (₹)** | **अंत शेष (₹)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स्व: स्त्रोत व अनुदान | 2024-25 | 2571620.64 | 1789637.00 | 4361257.64 | 2379576.00 | **1981681.64** |
| 15वां वित्तायोग शीर्ष | 2024-25 | 1301535.00 | 1357772.00 | 2659307.00 | 236563.00 | **2422744.00** |
| मनरेगा | 2024-25 | 0.00 | 2205932.00 | 2205932.00 | 2205932.00 | **0.00** |
| **संकलित वित्तीय स्थिति** | **2024-25** | **3873155.64** | **5353341.00** | **9226496.64** | **4822071.00** | **4404425.64** |

**(2) दिनांक 31.03.25 को ग्राम पंचायत धनेड, विकास खण्ड हमीरपुर, जिला हमीरपुर के बैंक शेषों के अंतशेष का विवरण निम्नानुसार है :-**

| क्रम संख्या | शीर्ष का नाम | बैंक का नाम | खाता संख्या | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्व: स्त्रोत व अनुदान | पंजाब नेशनल बैंक धनेड | 1728000100118450 | 214333.60 |
| 2 | स्व: स्त्रोत व अनुदान | पंजाब नेशनल बैंक धनेड | 1728000100112997 | 731186.18 |
| 3 | स्व: स्त्रोत व अनुदान | पंजाब नेशनल बैंक धनेड | 1728000100112988 | 1015835.57 |
| 4 | स्व: स्त्रोत व अनुदान | इंडस इंड बैंक हमीरपुर | 100201514082 | 22156.00 |
| 5 | 15 वें वितायोग | पंजाब नेशनल बैंक धनेड | 1728000100150544 | 2422744.00 |
| **कुल योग** | | | | **4406255.35** |

**(3) दिनांक 31.03.2025 को बैंक समाधान विवरणी पंचायत की वित्तीय स्थिति अनुसार :-**

| **दिनांक 31.03.2025 को वितीय स्थिति का अंत शेष** | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | दिनांक 31.03.2025 को रोकड़ बहियों का अंतिम शेष | | **4404425.64** |
| 2 | दिनांक 31.03.25 को बैंक खातों का अंतिम शेष | **4406255.35** | 4406687.35 |
| 3 | **दिनांक 31.03.2025 को हस्तगत राशि** | **432.00** | |
| **अन्तर** | | | **2261.71** |
| **दिनांक 31.03.2025 को बैंक समाधान विवरणी** | | | |
| 1 | स्व: स्त्रोत व अनुदान (समेकित) की रोकड़ बही का दिनांक 31.03.2025 को अंतिम शेष | | 1981681.64 |
| 2 | 15वें वितायोग की रोकड़ बही का दिनांक 31.03.2025 को अंतिम शेष | | 2422744.00 |
| 3 | दिनांक 31.03.2025 को रोकड़ बहियों का कुल अंतिम शेष | | 4404425.64 |
| 4 | **दिनांक 31.03.2025 को असमायोजित राशि (जमा)** | | **1829.71** |
| 5 | दिनांक 31.03.2025 को रोकड़ बहियों का शुद्ध अंतिम शेष | | 4406255.35 |
| 6 | दिनांक 31.03.25 को बैंक खातों का अंतिम शेष | | 4406255.35 |
| **अंतर** | | | **0.00** |

**(4) रोकड़ बही एवं बैंक खातों के अंतशेष में ₹0.02 लाख अंतर का समाधान न करना:-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 7(3) व 10 (1) के अनुसार पंचायत की रोकड़ बहियों के शेषों का बैंक खातों के शेषों से मिलान करना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत द्वारा रोकड़ बहियों के शेषों का बैंक खातों के शेषों से मिलान नहीं किया गया था, जिसके कारण दिनांक 31.03.2025 को सलंग्न **परिशिष्ट-1.3** अनुसार रोकड़ बही एवं बैंक खातों के अंतिम शेष में **राशि ₹1829.71** का अंतर पाया गया, जो पंचायत की सच्ची एवं सही वित्तीय स्थिति को नहीं दर्शाता है।

इस सम्बन्ध में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 142/2025 दिनांक 16/07/2025 के प्रत्युत्तर में उक्त अंतर की राशि वारे सचिव, ग्राम पंचायत द्वारा पत्र संख्या जी पी धनेड 14/2025 दिनांक 17/07/2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि "उक्त पत्र में वर्णित रोकड़ बही का बैंक खातों से राशि के अंतर का पता लगाकर अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवा दिया जाएगा"।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वास्नानुसार अंतर के कारणों की तथ्यपूर्ण स्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(5) स्व: स्त्रोत निधि के लिए अलग से खाते का संचालन न करना:-**

हि० प्र० पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 4(1) की अनुपालना में पंचायत निधियों के स्व: स्त्रोत खाता (क) (स्व: स्त्रोत के लेन-देन हेतु) खोला जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित स्व: स्त्रोत निधि की रोकड़ बही व बैंक खाते में कार्यालय व्यय व पंचायत के पदाधिकारियों के वेतन राशि के लेन-देन की प्रविष्टियाँ भी होने के कारण यह पूर्ण रूप से स्व: स्त्रोत निधि (क) को नहीं दर्शाता है जिसके संदर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 142/2025 दिनाँक 16.07.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को स्व: स्त्रोत निधि की रोकड़ बही व बैंक खाते को अलग से संधारित न करने बारे अवगत करवाया गया, जिसकी अनुपालना में प्रतिउत्तर संख्या जी पी धनेड 14/2025, दिनांक 17.07.2025 द्वारा अंकेक्षण को स्पष्ट किया कि स्व: स्त्रोत (क) की रोकड़ बही को पूर्ण रूप से अलग करके संधारित कर लिया जाएगा।

अत: विभिन्न अनुदानों के समिलित होने के कारण पंचायत की स्व: स्त्रोत (क) की वित्तीय स्थिति को अंकेक्षण प्रतिवेदन में दर्शाया जाना सम्भव नहीं हो सका तथा भविष्य में स्व: स्त्रोत की रोकड़ बही व बैंक खाते में केवल स्व: स्त्रोत निधि की आय व व्यय (अनुदानों के अतिरिक्त) का लेन-देन करना ही ग्राम पंचायत द्वारा सुनिश्चित किया जाये।

**5. सावधिक निवेश :-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियों को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है, ताकि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि 01/04/2024 से 31/03/2025 के दौरान किसी भी राशि को सावधि जमा में निवेशित नहीं किया गया था, जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के पास पंचायत निधि (स्व: स्त्रोत) में अतिरिक्त शेष उपलब्ध था। इस चूक के कारण संसाधनों की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से भी वंचित होना पड़ा है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 136/2025 दिनाँक 11.07.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में प्रतिउत्तर पत्र संख्या जी पी धनेड 14/2025 दिनांक 17.07.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि पंचायत का अवधि 04/24 से 03/25 के दौरान सावधि जमा योजना में निवेश **शून्य** है।

अत: पंचायत सचिव को परामर्श दिया जाता है कि स्व:स्त्रोत तथा अनुदान से सम्बन्धित रोकड़ बही का नियमानुसार रख-रखाव करके, स्व:स्त्रोत में आवश्यकता से अधिक पड़ी राशि को सावधि जमा योजना में निवेशित किया जाना सुनिश्चित किया जाए ताकि ग्राम पंचायत को ब्याज के रूप में अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके।

## 6. अनुदान

### 6.1 अनुदान राशि ₹19.82 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जाना :-

"हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली, 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियों को फंडिंग एजेन्सी की अपेक्षाओं व मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है"।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 136/2025 दिनाँक 11.07.2025 की अनुपालना में प्रस्तुत सूचना जोकि **परिशिष्ट-1** पर सलंग्न है, के अनुसार दिनांक 31.03.2025 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से राशि **₹1981681.64** उपयोग हेतू शेष थी, जिससे स्पष्ट है कि विभिन्न अनुदान शीर्षों के अंतर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यों का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा सरकार द्वारा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में यह पंचायत पीछे है।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 136/2025 दिनाँक 11.07.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत को उक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसकी अनुपालना में उनके प्रतिउत्तर संख्या जी पी धनेड 14/2025 दिनांक 17.07.2025 द्वारा अंकेक्षण को अवगत करवाया गया कि इस विषय में कार्यवाही करके अनुदान राशि का उपयोग कर लिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न कर पाने के कारणों को स्पष्ट करते हुए नियमानुसार उक्त शेष राशि को निर्धारित उद्देश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाये एवं तदानुसार कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**6.2 अनुदानों के उपयोगिता प्रमाण पत्र अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना :-**

"हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान,व भत्ते) नियम 2002 के नियम 88 के अनुसार पंचायत को दिए गए अनुदानों का उपयोग उसी प्रयोजन के लिए किया जा सकता है, जिसके लिए अनुदान मंजूर किए गए हैं एवं उस अधिकारी को जिसने अनुदान मंजूर किए हैं, को उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है" |

अंकेक्षण के दौरान प्राप्त विभिन्न अनुदानों के व्यय सम्बन्धी उपयोगिता प्रमाण पत्र अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत नहीं किये गए, फलस्वरूप अंकेक्षणावधि में कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण सम्भव न हो सका। इस सन्दर्भ मे जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 136/2025 दिनाँक 11.07.2025 के प्रतिउत्तर की अनुपालना में सचिव द्वारा पत्र संख्या जी पी धनेड 14/2025 दिनांक 17.07.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि विभिन्न अनुदानों के व्यय के सम्बन्ध में उपयोगिता प्रमाण पत्र आगामी अंकेक्षण में जाँच हेतू प्रस्तुत कर दिए जाएंगे।

अतः अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत नियमानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही/अनुपालना से शीघ्र अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**6.3 अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति अंकेक्षणार्थ उपलब्ध न करवाना :-**

"हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान,व भत्ते) नियम 2002 के नियम 79(2) के अनुसार सचिव, ग्राम पंचायत अंकेक्षण को अपेक्षित अभिलेख प्रस्तुत करने हेतु जिम्मेवार है तथा सचिव, पंचायती राज विभाग, हि०प्र० शिमला-9 के पत्र संख्या पीसीएच –एच ए (5)सी (15)313/89-4614 -4787 दिनांक 25.04.2007 के अन्तर्गत जारी दिशा-निर्देशानुसार ग्राम पंचायतों को सम्बन्धित विकास खण्ड अधिकारी व अन्य स्वीकृति एजेन्सी विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत प्रदान की गई राशियों के स्वीकृति पत्र उपलब्ध करवाएगी ताकि अंकेक्षण के समय सुनिश्चित किया जा सके कि धन राशि सम्बन्धित स्कीम पर ही खर्च की जा रही है"। किन्तु अंकेक्षण के दौरान अनुदान आदेश/स्वीकृति पत्र अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत नहीं किये गए।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 136/2025 दिनाँक 11.07.2025 द्वारा मांगी गई सूचना के प्रतिउत्तर में पत्र संख्या जी पी धनेड 14/2025 दिनांक 17.07.2025 द्वारा अवगत करवाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण अवधि में प्राप्त किए गए अनुदानों के आदेश / स्वीकृति पत्र पंचायत में प्राप्त नही हुए हैं तथा खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा राशि प्राप्त होने के उपरांत मौखिक रूप में अनुदानों के प्रयोजन बारे सूचित किया जाता है। यह एक अनुचित प्रक्रिया

है क्योंकि लिखित रूप में अनुदान का प्रयोजन प्राप्त न होने के कारण अनुदानों के दुर्विनियोग की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

अनुदान के आदेश / स्वीकृति पत्र की प्रति उपलब्ध न होने के कारण यह ज्ञात नहीं हो सका कि पंचायत द्वारा प्राप्त किए गए अनुदान किस उद्देश्य / कार्य विशेष के लिए प्राप्त किए गए थे एवं प्राप्त अनुदान राशि सम्बन्धित स्कीम पर खर्च की गई थी अथवा नहीं।

अतः उक्त आदेश / स्वीकृति पत्र खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय से प्राप्त करके अंकेक्षण में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त यह प्रकरण उक्त दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करवाने हेतु विभागीय उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ लाया जाता है।

**7. पंचायत राजस्व**

**7.1 पंचायत का गृहकर/ सम्पत्ति कर राशि ₹0.01 लाख वसूली हेतु शेष:-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट) नियम 2002 के नियम 34 (2) के प्रावधानानुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के परादेय (Outstanding) नहीं रखी जाएगी"।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या 136/2025 दिनाँक 11.07.2025 के प्रतिउत्तर में सलंग्न **परिशिष्ट-2** द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना का अवलोकन व अभिलेखों की जांच करने पर पाया गया कि 31.03.2025 तक पंचायत का गृहकर/सम्पत्तिकर **राशि ₹600.00** वसूली हेतु शेष थी।अतः शेष पंचायत राजस्व की प्राप्ति न कर पाने का नियमानुसार तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए गृहकर की राशि की वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**8. व्यय**

**8.1 खनन सामग्री के समर्थन में ट्रांजिट पास फॉर्म प्राप्त किए बिना राशि ₹7.24 लाख का अनियमित भुगतान करना :-**

"हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल्स नियम 2015 के नियम 81 व 81-ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास "फार्म डब्ल्यू" या सप्लीमेंटरी पास "फार्म एक्स" उपलब्ध करवाना अनिवार्य है अन्यथा उक्त नियम की द्वित्तीय अनुसूची के अनुसार निम्न दरों से रॉयल्टी का भुगतान 25% पेनल्टी के साथ करना होगा। परन्तु निदेशक, पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या एक्स ई.एन. (आर.डी.एवं पी. आर.)-डी.बी. जनरल/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अनुसार माननीय उच्च न्यायालय हि० प्र० की अनुपालना में अब ठेकेदार / विक्रेता से खनन सामग्री की आपूर्ति पर रॉयल्टी की कटौती नहीं की जाएगी तथा भुगतान उनके द्वारा फार्म 'एक्स' या 'डब्ल्यू' प्रस्तुत करने पर ही किया जाएगा"।

अंकेक्षण अवधि 04/2024 से 03/2025 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि निर्माण सामग्री रेत, बजरी व पत्थर इत्यादि के बिलों के साथ उक्त फार्म सलंग्न नहीं थे।

परिणामस्वरुप आपूर्तिकर्ताओं को **परिशिष्ट-3** अनुसार **राशि ₹724395.00** का अनियमित भुगतान किया गया था।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 142/2025 दिनाँक 16.07.2025 के प्रत्युत्तर में पत्र संख्या जी पी धनेड 14/2025 दिनांक 17.07.2025 द्वारा अंकेक्षण में स्पष्ट किया गया कि नियमों की जानकारी न होने के कारण उक्त ट्रांजिट पास फार्म डब्ल्यू या सप्लीमेंटरी पास फार्म एक्स सम्बन्धित आपूर्तिकर्ता से नहीं लिए गए हैं, जिन्हें भविष्य में नियमानुसार लेकर ही भुगतान किया जाएगा | प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षण प्रतिवेदन में दर्ज अंकेक्षणापत्ति उपरान्त दोहराई गई अनियमितता के दृष्टिगत मान्य नहीं है । अतः उक्त राशि के अनियमित भुगतान को या तो नियमानुसार समर्थित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाए अथवा इस प्रकरण को सम्बंधित जिला खनन अधिकारी से उठाते हुये तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**8.2 संविदाकार / आपूर्तिकर्ता के भुगतान बिलों से नियमानुसार स्त्रोत पर जी. एस. टी. टी. डी.एस. की कटौती न करने के कारण ₹0.20 लाख का अधिक भुगतान करना :-**

"हिमाचल प्रदेश जी.एस.टी. अधिनियम, 2017 की धारा 51 तथा हि.प्र. आबकारी एवं कराधान विभाग के पत्र संख्या 12-4/78 EXN-TAX-Part(278/25)-29056 दिनांक 29/09/2018 के अनुसार किसी भी व्यक्ति / फर्म / संस्था / स्थानीय प्राधिकरण अथवा सरकारी विभाग (Person/HUF/Firm/Local authority / Govt. Deductor) द्वारा संविदाकार व्यक्ति, फर्म को सेवाएं तथा वस्तुएं प्रदान करने के बदले एकल अनुबंध के अन्तर्गत ₹250000 से अधिक राशि के भुगतान पर 2% (1% सी.जी.एस.टी. +1% एस.जी.एस.टी.-अन्तर्राज्यीय आपूर्ति तथा 2% आई.जी.एस.टी.-अंतर्राज्यीय आपूर्ति) की दर से जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती सम्बन्धित व्यक्ति / फर्म / संविदाकार को नगद अथवा बैंक खाते में अदायगी के समय की जानी अपेक्षित है, जिसे अगले माह की 10 तारीख तक सम्बन्धित विभाग के खाते में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में आपूर्तिकर्ताओं को सामग्री की आपूर्ति हेतु सलंग्न **परिशिष्ट-4** अनुसार **राशि ₹990809.00** (जी.एस.टी. को छोडकर) का भुगतान किया गया था | लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा स्त्रोत पर **राशि ₹19816.18** की 2% जी.एस.टी. टी.डी.एस. के रूप में कटौती नहीं की गई थी जोकि नियमानुसार अनुचित होने के कारण अनियमित एवं आपत्तिजनक है।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 142/2025 दिनाँक 16.07.2025 के प्रत्युत्तर में पत्र संख्या जी पी धनेड 14/2025 दिनांक 17.07.2025 द्वारा अंकेक्षण में स्पष्ट किया गया कि "उक्त पत्र में वर्णित आपूर्तिकर्ताओं से नियमानुसार बनती जी.एस.टी. टी.डी.एस. की कटौती बिलों से नही

की गई है, जिसे भविष्य में नियमानुसार काटकर आगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा | प्रस्तुत उत्तर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं है।

अत: जी.एस.टी.(टी.डी.एस.). की कटौती न करने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा इस प्रकरण को सम्बन्धित विभाग से उठाते हुये तदानुसार कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये अन्यथा नियमानुसार देय अपेक्षित राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करने उपरान्त सम्पूर्ण राशि सम्बन्धित विभाग में जमा करवाई जाए तथा अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को भी अवगत करवाया जाए।

**9.1 पत्थरों की खरीद में रिक्तियां (voids) की कटौती न करने के कारण ₹0.16 लाख का अधिक भुगतान करना:-**

हिमाचल प्रदेश पब्लिक वर्क्स स्पेसिफिकेशन अध्याय-2 के पैरा 2.1.2.13 के अनुसार बजरी की आपूर्ति पर 6 एम.एम. से लेकर 20 एम.एम. तक 5% व 25 एम.एम. से लेकर 40 एम.एम. तक 10% तथा पत्थरों की आपूर्ति पर 63 एम.एम. से लेकर 75 एम.एम. तक 12.5% की दर से रिक्तियों (Voids) की कटौती उपरान्त भुगतान किया जाना अपेक्षित है |

ग्राम पंचायत के अंकेक्षण अवधि 04/24 से 03/25 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण करने पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा पत्थरों (stones) की खरीद हेतु सलंग्न **परिशिष्ट-5** अनुसार राशि ₹130164.00 का कुल भुगतान किया गया था, लेकिन आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान करने से पूर्व (Voides) की कटौती न करने के कारण **राशि ₹16270.50** का अधिक भुगतान किया गया था।

ग्राम पंचायत द्वारा अधिक भुगतान का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना संख्या 142/2025 दिनाँक 16.07.2025 द्वारा सचिव, ग्राम पंचायत के ध्यानार्थ लाया गया, जिसकी अनुपालना में सचिव द्वारा पत्र संख्या जी पी धनेड 14/2025 दिनांक 17.07.2025 द्वारा स्पष्ट किया कि उक्त पत्र में वर्णित पत्थर (stone) की खरीद पर रिक्तियों (voids) की कटौती नहीं की गई है, लेकिन इसके भुगतान की वसूली करने उपरान्त पंचायत निधि में जमा करवा दिया जायेगा।

अत: अंकेक्षण को दिये गये आश्वासन के दृष्टिगत उक्त रिक्तियां (voids) की कटौती न करने के फलस्वरूप की गई अधिक भुगतान राशि के जमा व इन्द्राज सम्बन्धी अभिलेख अंकेक्षण से शीघ्र अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाये तथा ऐसे मामलों की पुनरावृति पर अंकुश लगाने हेतु निर्माण कार्यों की नमूना जांच एवं सत्यापना नियमानुसार उच्च तकनीकी अधिकारियों द्वारा की जानी सुनिश्चित की जाए।

**9.2 अनुदान प्लानिंग व मनरेगा शीर्ष के अंतर्गत करवाए गये निर्माण कार्य हेतु राशि ₹0.57 लाख का अधिक भुगतान करना:-**

"हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 44 व 76 के प्रावधानानुसार ग्राम पंचायत के प्रधान और सम्बद्ध सचिव द्वारा निधि से व्यय उपगत या प्राधिकृत करते समय वित्तीय औचित्य के सिद्धांतों को प्रत्येक स्तर पर कड़ी मितव्ययिता के साथ अनुपालन करेंगे तथा संबद्ध पंचायत सचिव किसी भी अति संदाय / अधिक भुगतान की वसूली करने हेतु उतरदायी होगा।

अंकेक्षण अवधि 04/24 से 03/25 के चयनित माह 02/2025 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि सलंग्न **परिशिष्ट-6** अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा **राशि ₹56740.00** का **रेत, टाइल्स, तथा आइरन शीट** के रूप में माप पुस्तिका में दर्ज कुल मात्रा से अधिक मात्रा के वाउचरों में दर्शाई गई सामग्री के उचित लेखांकन के अभाव में अनियमित भुगतान किया गया था।

इस सन्दर्भ में जारी अंकेक्षण अधियाचना संख्या 142/2025 दिनाँक 16.07.2025 के प्रत्युत्तर में सचिव द्वारा पत्र संख्या जी पी धनेड 14/2025 दिनांक 17.07.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त अधिक भुगतान की वसूली करके आगामी अंकेक्षण में अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः ग्राम पंचायत द्वारा अंकेक्षण को दिये आश्वासन के दृष्टिगत किये गए अनियमित अधिक भुगतान की वसूली सम्बन्धित से करके अंकेक्षण में अपेक्षित अभिलेख सत्यापनार्थ प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाये तथा ऐसे मामलों की पुनरावृति पर अंकुश लगाने हेतु निर्माण कार्यों की नमूना जांच एवं सत्यापना नियमानुसार उच्च तकनीकी अधिकारियों द्वारा की जानी भी सुनिश्चित की जाए।

**9.3 राशि ₹2.94 लाख क्रय की गई सामग्री की स्टॉक रजिस्टरों में स्टॉक प्राप्ति प्रविष्टियाँ व खपत / जारी करने से सम्बन्धित अभिलेख दर्ज न करना:-**

हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखे, संपरीक्षा, सकर्म, कराधान और भते) नियम 2002 के नियम 69 के अनुसार सचिव द्वारा स्टॉक /सामान की प्राप्ति पर उसका यथास्थिति परीक्षण, गणना, माप या तोल कर तुरंत स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्ट किया जाना अपेक्षित है |

अंकेक्षण अवधि 04/24 से 03/25 के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न कार्यों हेतू क्रय किए गए सामान के बिलों का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि सलंग्न **परिशिष्ट-7** अनुसार **राशि ₹294169.00** की सामग्री की स्टॉक रजिस्टरों में स्टॉक प्राप्ति व खपत / जारी करने से सम्बन्धित प्रविष्टियाँ दर्ज नहीं थी।

अंकेक्षण अधियाचना संख्या 142/2025 दिनांक 16/07/2025 द्वारा यह प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ लाया गया, जिसकी अनुपालना में सचिव द्वारा पत्र संख्या जी पी धनेड 14/2025 दिनांक

17.07.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त पत्र में वर्णित स्टॉक रजिस्टर में क्रय किए गए सामान की स्टॉक प्रविष्टियां कर ली जाएगी व अनुपालना से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत उत्तर तथ्यरहित एवं नियमों के प्रतिकूल होने के कारण संतोषजनक नहीं है, क्योंकि क्रय किए गए सामान के स्टॉक का इन्द्राज न करना अपने आप में ही एक गम्भीर अनियमितता है|

अत: वांछित अभिलेख तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व उक्त सम्पूर्ण क्रय की गई सामग्री की सम्बन्धित स्टॉक रजिस्टरों में स्टॉक प्राप्ति व खपत से सम्बन्धित प्रविष्टियाँ अभिलेख में नियमानुसार करके अंकेक्षण सत्यापनार्थ प्रस्तुत किये जायें|

**9.4 निविदाओं में निर्धारित दर से अधिक दर से अदायगी के फलस्वरूप राशि ₹0.06 लाख का अधिक भुगतान करना:-**

"हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 44 व 76 के प्रावधानानुसार ग्राम पंचायत के प्रधान और सम्बद्ध सचिव द्वारा निधि से व्यय उपगत या प्राधिकृत करते समय वित्तीय औचित्य के सिद्धांतों को प्रत्येक स्तर पर कड़ी मितव्ययिता के साथ अनुपालन करेंगे तथा संबद्ध पंचायत सचिव किसी भी अति संदाय / अधिक भुगतान की वसूली करने हेतु उतरदायी होगा"।

अंकेक्षण अवधि 04/24 से 03/25 हेतु चयनित माह 02/2025 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण पर पाया गया कि पंचायत द्वारा मनरेगा व अनुदान प्लानिंग शीर्ष के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्य हेतु निम्न विवरणानुसार अधिक भुगतान किया गया था:-

**(1) निर्माण कार्य सामुदायिक भवन गाँव लिंगविन,** के लिए वाउचर संख्या 4483,4484,4739 व 4745 द्वारा लोहे के सामान के क्रय हेतु ढुलाई व मजदूरी के रूप में **राशि ₹2562.00** का अधिक भुगतान किया गया था जबकि चयनित/निर्धारित निविदाओं की जांच में पाया गया कि ढुलाई व मजदूरी की भुगतान राशि लोहे के सामान की क्रय मूल्य में ही सम्मिलित थी।

**(2) निर्माण कार्य रास्ता और सुरक्षा दीवार गाँव धनेड,** के लिए वाउचर संख्या 171 दिनांक 24.12.2024 द्वारा एरिया शटरिंग 60 वर्ग मीटर हेतु राशि ₹90 प्रति वर्ग मीटर की दर से कुल राशि ₹5400.00 का भुगतान किया गया था जबकि चयनित/निर्धारित निविदाओं की जांच में पाया गया कि शटरिंग का भुगतान, राशि ₹48 प्रति वर्ग मीटर से कुल राशि ₹2880.00 का भुगतान किया जाना अपेक्षित था, परिणामस्वरूप ग्राम पंचायत द्वारा शटरिंग के भुगतान हेतु ₹48 प्रति वर्ग मीटर के विपरीत ₹90 प्रति वर्ग मीटर की दर से कुल राशि **₹2520.00** का अधिक भुगतान किया गया था।

**(3) निर्माण कार्य महिला मण्डल भवन गाँव तलासी,** के लिए वाउचर संख्या 4878, 4879, 4880, द्वारा लोहे के सामान के क्रय हेतु ढुलाई व मजदूरी के रूप में **राशि ₹1090.00** का अधिक भुगतान किया गया था जबकि चयनित/निर्धारित निविदाओं की जांच में पाया गया कि किराया व मजदूरी की भुगतान राशि लोहे के सामान के क्रय मूल्य में ही सम्मिलित होने तथा निविदाओं में कहीं

भी अलग से मांग/भुगतान करने का जिक्र न होने के कारण कुल **राशि ₹6172.00** (2562+2520+1090) का गलत व अनुचित भुगतान किया गया प्रतीत होता है।

इस संदर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या 142/2025 दिनांक 16/07/2025 द्वारा यह प्रकरण सचिव के ध्यानार्थ लाया गया, जिसकी अनुपालना में सचिव द्वारा पत्र संख्या जी पी धनेड 14/2025 दिनांक 17.07.2025 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अधिक भुगतान की वसूली करके आगामी अंकेक्षण में अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः ग्राम पंचायत द्वारा निविदाओं में निर्धारित दर से अधिक दर में भुगतान करने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अधिक भुगतान की वसूली सम्बन्धित से करके अंकेक्षण में अपेक्षित अभिलेख सत्यापनार्थ प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाये और ऐसे अनुचित भुगतानों पर अंकुश लगाने हेतु ठोस सुधारात्मक कदम उठाए जाये।

**9.5 मनरेगा शीर्ष के अंतर्गत करवाए गए निर्माण कार्य में राशि ₹0.01 लाख का दोहरा भुगतान करना:-**

"हिमाचल प्रदेश पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, सकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 44 व 76 के प्रावधानानुसार ग्राम पंचायत के प्रधान और सम्बद्ध सचिव द्वारा निधि से व्यय उपगत या प्राधिकृत करते समय वित्तीय औचित्य के सिद्धांतों को प्रत्येक स्तर पर कड़ी मितव्ययिता के साथ अनुपालन किया जाना अपेक्षित है तथा पंचायत सचिव किसी भी अति संदाय/अधिक भुगतान के शीघ्र वसूली करने हेतु उतरदायी होगा|

